भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

मझौली में धर्म और आस्था का महासंगम



मझौली (जबलपुर)। मझौली में श्रीं श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को धार्मिक उल्लास और भक्ति रंग में सराबोर कर दिया। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब नगर की सड़कों पर उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयकारों के बीच यात्रा नगर भ्रमण करती हुई यज्ञ स्थल बाजार प्लाट मझौली पहुँची। कलश यात्रा के साथ ही विशाल शोभायात्रा श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा एवं स्थापना समारोह का आयोजन हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन स्थल पर यज्ञ ध्वजा का विधिवत पूजन श्री श्री 1000 श्री बनवारी दास जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। महायज्ञ के अंतर्गत 20 जनवरी 2026 से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी, जो प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। कथा वाचन का दायित्व यज्ञाचार्य एवं कथा व्यास आत्म पुरीहित श्री दत्त जी महाराज (दिव्य ज्योति धाम, कोनी) निभाएंगे। उपयज्ञाचार्य पंडित राजीव लोचन दुबे यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान 23 जनवरी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 24 जनवरी को श्री गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग, 25 जनवरी को श्री रुक्मणी विवाह, 26 जनवरी को श्री सुदामा चरित्र, 27 जनवरी को हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। इस दिव्य आयोजन के आयोजक श्री गोविंद सरकार यज्ञ समिति मझौली एवं समस्त क्षेत्रीय नगरवासी हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ, कथा, रामलीला एवं भंडारे में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

शमशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण का विरोध पड़ा भारी

- हमले में आवेदक लहूलुहान पटवारी जान बचाकर भागा

मझौली, जबलपुर। मझौली के ग्राम देवरी पीपल में शासकीय खसरा नंबर 186 शमशान घाट भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई उस समय हिंसक हो गई, जब जांच के दौरान दबंग अतिक्रमणकर्ताओं ने आवेदक पर जानलेवा हमला कर दिया।

घटना में सुनील सिंह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए, जिन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ित के अनुसार अतिक्रमण की जांच के दौरान गजराज सिंह, महेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, रघुनाथ सिंह, अशोक सिंह, कृष्ण कुमार और वासु सिंह ने गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि ब्रजेंद्र सिंह ने हथियार से बार-बार हमला किया, जबकि मौके पर मौजूद पटवारी प्रभात मयंक जान बचाकर भागने को मजबूर हुए। चौंकाने वाली बात यह है कि कलेक्टर जबलपुर ने 13 जनवरी 2026 की जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए थे, इसके बावजूद दबंगों का निर्माण कार्य जारी है। पीड़ित पक्ष ने मझौली पुलिस पर काउंटर केस दर्ज कर बचाने वालों को फंसाने का आरोप लगाया है। मामले ने प्रशासनिक कार्रवाई, कानून-व्यवस्था और दबंगई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब ग्रामीणों ने आरोपियों को जेल भेजने और निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है।

रादुविवि में ऑनलाइन नामांकन 27 तक

- प्रथम वर्ष व प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन

नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष एवं प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने आधिकारिक लिंक जारी कर दिया है। एडमिशन इंजार्च आर. के. गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थी एमबीए, एमबीए (एमएम), एमबीए हेल्थ केयर, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीएड, एमएड, स्पेशल बीएड सहित विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के एमबीए, बीफार्मा, एमसीए, बीएससी एग्रीकल्चर जैसे पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी इस प्रक्रिया में शामिल होंगे। यह सुविधा जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडोरी और कटनी जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 27 जनवरी तक चलेगी।

नामांकन के लिए विद्यार्थियों को 330 रुपये शुल्क जमा करना होगा। वहीं, मध्यप्रदेश के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए 4000 रुपये इमीग्रेशन शुल्क निर्धारित किया गया है। तय तिथि तक नामांकन न कराने पर 27 से 29 जनवरी तक 330 रुपये अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ पंजीयन कराया जा सकेगा। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन नामांकन के बाद उसकी रसीद संबंधित महाविद्यालय या शिक्षण विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा में नामांकन न कराने वाले विद्यार्थी परीक्षा आवेदन से वंचित रह सकते हैं।

शैलवारा धाम में 21 कुंडीय विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

- 25 जनवरी को होगा यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार

नवभारत, सिहोरा। श्री प्रकाशवन अवधूत महाराज के आशीर्वाद से महंत श्री कैलाशानंद जी महाराज द्वारा शैलवारा धाम ग्राम में 21 जनवरी से श्री विष्णु महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस पावन आयोजन को लेकर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। महायज्ञ का आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना के उद्देश्य से निरन्तर 47 वर्षो से होता जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात प्रतिदिन हवन, पूजन, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि से अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।महंत श्री केलाशानन्द जी महायज्ञ ने जानकारी दी कि 25 जनवरी को यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें अनेक बटुकों का विधि-विधान से जनेऊ संस्कार संपन्न होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। साथ ही कार्यक्रम की व्यवस्था, स्वच्छता एवं शांति बनाए रखने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। महायज्ञ के समापन पर पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों, सम्मान एवं संवेदनशील पुलिसिंग के संबंध में कार्यशाला

नवभारत, जबलपुर। समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ समानता और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना पुलिस का दायित्व है। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों, सामाजिक चुनौतियों एवं उनकी समस्याओं के समाधान पर जानकारी देते हुये उनके साथ सम्मान जनक एवं संवेदन शील व्यवहार व समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जागरूक किया गया। दरअसल पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार काके ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों, सम्मान एवं संवेदनशील पुलिसिंग के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला ने ली। कार्यशाला में शहर एवं देहात थानों के पुलिस अधिकारी एवं अरमान फाउण्डेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

वन्दे मातरम् गीत का हुआ समूह गायन

नवभारत, सिहोरा। राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में पूर्ण वन्दे मातरम गीत का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ डी के बघेल के नेतृत्व में लगभग 300 विद्यार्थियों ने एक स्वर में श्री बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वन्दे मातरम गीत का गायन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि वन्दे मातरम गीत भारत की प्राकृतिक सुंदरता का अनुपम उदाहरण है। प्रकृति हमें माँ के समान पालती है। भारत भूमि की वंदना हमारा सौभाग्य है। मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त विभिन्न विभागों में विद्यार्थियों को पृथक पृथक कक्षाओं में सम्पूर्ण वन्दे मातरम गीत का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एयरटेल ने मप्र-छग में किया 5जी नेटवर्क का विस्तार

नवभारत,जबलपुर। एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 2400 से अधिक नए साइट्स के साथ 5जी नेटवर्क का विस्तार किया है। भारती एयरटेल के अनुसार उसने पिछले 12 महीनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 2400 से अधिक नए 5जी साइट्स लगाए गए हैं। इससे ग्राहकों को तेज़ गति, व्यापक कवरेज और नेटवर्क अनुभव में उल्लेखनीय सुधार मिला है। 87 जिलों में कंपनी के इस नेटवर्क विस्तार से अब व्यस्त शहरों, तेजी से विकसित हो रहे कस्बों और यहां तक कि दूरदराज़ के ग्रामीण गांवों में भी 3.6 करोड़ ग्राहकों को भरोसेमंद हाई-स्पीड कवरेज मिल रहा है। प्रतिदिन छह नए साइट्स लाइव होने के साथ, ग्राहक बेहतर स्ट्रीमिंग, तेज डाउनलोड, निर्बाध ऑनलाइन काम और पढ़ाई, तथा अधिक विश्वसनीय डिजिटल भुगतान का लाभ उठा सकते हैं—चाहे वे कहीं भी रहते हों या यात्रा करते हों। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, देवास, कोरबा और राजनांदगांव सहित कई प्रमुख जिलों के ग्राहक इस विस्तारित नेटवर्क से सीधे लाभान्वित होंगे। यह विस्तृत कवरेज हाई-स्पीड 5जी सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा, जिससे नागरिकों, छात्रों, सूक्ष्म व्यवसायों और सरकारी संस्थानों की दैनिक डिजिटल जरूरतों को बेहतर समर्थन मिलेगा।

COLLEGE OF AGRICULTURE, JNKVV, JABALPUR

WALK IN INTERVIEW

Eligible candidates may appear for "Walk in interview" for the post of four Senior Research Fellow, One Young Professional I and One Field Assistant on temporary basis with the original documents and two sets of application form (with attested photograph and photocopies of documents) on 30.01.2026 at 11:00 am under new project entitled "Fungal Genome Sequencing Initiative for Oilseeds and Pulses in Madhya Pradesh" under State Plan Scheme. Details and format for application can be obtained from (http://www.jnkvv.org)

Place of the Interview: Directorate of Research Services, Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur-482004

IPRO/DRS/2026/16

DRS
JNKVV, Jabalpur



समाधान योजना का लाभ देने डीई पहुंचे मगेला

नवभारत,बेलखाडू। विद्युत वितरण केंद्र माढ़ोताल के अंतर्गत सूरतलाई के नजदीकी ग्राम मगेला में विद्युत वितरण केंद्र के डीई सहित विभागीय अमले ने स्वयं मोर्चा संभाला। सभी ने मगेला में घर घर जाकर विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली बिलों की जानकारी लेते हुए मीटर की जांच की ।शासन द्वारा चलाई जा रही समाधान योजना की पूर्ण जानकारी देते हुए समझाईश दी और बिलों का समाधान किया। गांव मगेला में मौके पर 15 बिलों का समाधान करते हुए लगभग सत्तर हजार रुपए की बसूली की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डिविजनल इंजीनियर नीरज परस्ते, जेई अमरजीत नुनिया, सुरेंद्र दुबे, राजकुमार शर्मा, मोहित पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

मनरेगा कानून स्वरूप को बदलने का होगा पुरजोर विरोध

नवभारत, जबलपुर। बरगी विधानसभा के निगरी, नयागांव,सुकरी एवं चौरई ग्राम में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी द्वारा स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रमिकों के साथ मनरेगा एवं चुटका में बन रहे परमाणु विद्युत उर्जा संयंत्र के विषय में चर्चा की गई। इस दौरान मनरेगा के स्वरूप को विकृत करने एवं नर्मदा को प्रदूषित करने के प्रयास को स्वीकार नहीं किया जायेगा, पुरजोर विरोध किया जायेगा इसका संकल्प लिया गया। इस मौके पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ज़िला अध्यक्ष कमला प्रसाद पटेल ,शरद सिंह, नीरज नामदेव उप सरपंच बरगी उपस्थित रहे।

निधन

पत्रकार पवन पांडेय को मातृ शोक

जबलपुर। दक्षिण मिलौनीगंज जमुनिया कुआं

निवासी स्व. दशरथप्रसाद पांडेय की धर्म पत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार पवन पांडेय, प्रवीण पांडेय की माताजी 'श्रीमती लीलाबाई पांडेय' का सोमवार शाम निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके निज निवास जमुनिया कुआं दक्षिण मिलोनीगंज से मंगलवार 20 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे रानीताल मोक्षधाम प्रस्थान करेगी।

रविशंकर शुक्ला

जबलपुर। पनागर/इमलिया परियट गुरु गोविंद

सिंह वार्ड नं 76 निवासी रविशंकर शुक्ला का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप अनिल कुमार शुक्ला के पिताजी एवं अतुल शुक्ला,अंकुल शुक्ला के दादाजी थे। अंतिम संस्कार स्थानीय शमशान घाट इमलिया पर किया गया।

संतोष कुमार राजपूत

जबलपुर। महाराणाप्रताप चौक निवासी संतोष

कुमार राजपूत का 70 वर्ष में निधन हो गया है आपका अंतिम संस्कार पूर्वी करिया पाथर शमशानघाट में किया गया। आप रोशन राजपूत, विकास राजपूत, वैभव राजपूत के पिता थे।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्री राममनोहर सोनी पिता स्व गोपाल प्रसाद सोनी द्वारा व्यावसायिक उपयोग संपत्ति दुकान जो की नजूल ब्लॉक संख्या 104, नजूल प्लॉट संख्या 5/1, नगर निगम मकान संख्या 175/जी-13, मोतीलाल नेहरू वार्ड (पुराना), नया जवाहरगंज वार्ड, जबलपुर में स्थित भूमि पर निर्मित बहुमंजिला इमारत "समदरिया अम्बा आर्केड कॉम्प्लेक्स" के भूतल पर स्थित एक वाणिज्यिक दुकान/इकाई संख्या 13 जीएसएफ-13, कुल निर्मित क्षेत्र 202 वर्ग फुट, अविभाजित हिस्सा 51 वर्ग फुट है।उक्त संपत्ति खरीदने के लिय भूस्वामी - सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष श्री राजा सराफ पुत्र श्री बाबूलाल सराफ से खरीदने का अनुबंध पत्र किया है उक्त संपत्ति को सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष श्री राजा सराफ पुत्र श्री बाबूलाल सराफ ने पूर्व भूमिस्वामी श्री रचित सोनी पिता श्री रामेश्वर दास सोनी से विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र दिनांक 03/02/2018, दस्तावेज क्रमांक-MP182542018A1077952 के माध्यम से क्रय किया है। तथा श्री रचित सोनी पिता श्री रामेश्वर दास सोनी ने मेसर्स समदरिया कंस्ट्रक्शन पार्टनर श्री किशोर समदरिया पुत्र स्वर्गीय श्री केशरी चंद्र जी समदरिया के माध्यम से से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21/01/2016, दस्तावेज क्रमांक - MP182552016A1032973 के माध्यम से क्रय किया है।

यह कि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में शीघ्र ही निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है।

यह कि श्री राममनोहर सोनी पिता स्वगोपाल प्रसाद सोनी मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) से ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरुक्षा हेतु श्री राममनोहर सोनी पिता स्व गोपाल प्रसाद सोनी द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक की जा रही है। चूँकि उक्त सम्पति पर पंजीकृत विक्रय पत्र विक्रय पत्र दिनांक 03/02/2018, दस्तावेज क्रमांक- MP182542018A1077952 को बैंक में जमा कर साम्यिक बंधक किया जा रहा है।, अत: उक्त संपति या संपति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

जबलपुर

दिनांक :- 19/01/2026

भवदीय
राजेश प्यासी एडवोकेट
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर,
दमोहनाका जबलपुर
मो.-9424320068

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13 (2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 (1) के सहपठित है, उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री महेंद्र चौधरी श्रीमती पूना बाई महेंद्र चौधरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10690977)	05-जनवरी-2026, रुपये 384431/- (रुपये तीन लाख चौरासी हजार चार सौ इकतीस मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा- भूमि क्षेत्र 1925 वर्ग फुट, मौजा कंडेली एन.बी.36 पटवारी हल्का नंबर 41 खसरा नंबर 228/166 और खसरा नंबर 229/4, जो कंडेली तहसील नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश में स्थित है- 487001. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार- क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1925.
श्री बद्री प्रसाद गोंड, श्रीमती आशा बाई गोंड, एग्रीकल्चर एग्रीकल्चर के (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10743688)	05-जनवरी-2026, रुपये 330427/- (रुपये तीन लाख तीस हजार चार सौ सताइस मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो इस प्रकार है- पीएच नंबर 39/22, खसरा नंबर 52, क्षेत्रफल 900, ग्राम मड़ाई, सिहोरा, जबलपुर, मध्य प्रदेश 483222 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.
श्री अर्जुन कौल, श्रीमती आरती कौल, श्रीमती पूती बाई कौल, स्वयं का वाहन (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10679572)	05-जनवरी-2026, रुपये 294111/- (रुपये दो लाख चौरानवे हजार एक सौ ग्यारह मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो इस प्रकार है- पीएच नंबर 81, खसरा नंबर 365, क्षेत्रफल 900, टिकरिया, सिहोरा, जबलपुर, मध्य प्रदेश 483222 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.
श्री विवेक कुमार सिलावट श्रीमतीविनीता सिलावट विवेक कुमार सिलावट (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10676142)	05-जनवरी-2026, रु. 227593/- (रुपये दो लाख सताइस हजार पांच सौ तिरानवे मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो इस प्रकार है: खसरा नंबर 74/2, मकान नंबर 01, क्षेत्रफल 300, मिधली, बरमान, करेली, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश 487330 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 300.
श्री सुरेश कुमार बर्मन, श्रीमती रेखा बर्मन, इलेक्ट्रॉनिक दुकान (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10644605)	05-जनवरी-2026, रुपये 476361/- (रु. चार लाख छिहत्तर हजार तीन सौ इकसठ मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो इस प्रकार है: खसरा नंबर 418/2, क्षेत्रफल 1506 वर्ग फुट, गांव चड़ासुर्द, तहसील नौरोजाबाद, जिला उमरिया, म.प्र. 484661 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1506.
श्री कपिल कुमार कुर्मी, श्री गणपत पटेल, श्रीमती रवीना कुर्मी, ट्रैक्टर एवं एग्रीकल्चर (प्रस्ताव नं. आईएल10414548)	05 जनवरी 2026, रुपये 325721/- (रुपये तीन लाख पच्चीस हजार सात सौ इक्कीस मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो इस प्रकार है- पीएच नंबर 21/79, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, खसरा नंबर 217 में से, सिलुआ, सिहोरा, जबलपुर, मध्य प्रदेश 483220 में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.
श्री लक्ष्मी सेन श्रीमती सरोज बाई सेन क्लॉथ स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10324181)	05-जनवरी-26, रुपये 331675.96/- (रु. तीन लाख इकतीस हजार छह सौ पिचहत्तर और पैसा छियानवे मात्र मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो इस प्रकार है: पटवारी हल्का नंबर 13, क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट, खसरा नंबर 48 में से, अचलौनी, पाटन, जबलपुर, म.प्र. 482001 में स्थित. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 450.
श्री प्रशांत कोष्टा रोशनी लेडीज टेलर्स, श्रीमती उमा बाई (प्रस्ताव नं. आईएल10105533)	05-जनवरी-2026, रुपये 888692/- (रुपये आठ लाख अट्ठासी हजार छह सौ बानवे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा जो है- प्लॉट नंबर 41 का हिस्सा, खसरा नंबर 71, पीएच नं. 79, आरएनएम मरहोटल, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 483220 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 520.

यदि उक्त देनदार आईआईएफएल एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो यह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, **ब्रांच आफिस:** 225, नेपियर टॉउन, दूसरा माला, अयोजित चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001/या **कार्पोरेट ऑफिस:** आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस- IV गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 20-1-2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh, Ph. No. : 0755-2527290/2765205 (EPBX),
Fax : 0755-2572643, Website : www.mprdc.gov.in
NIT No. 695/MPRDC/Procu/2026

MPRDC

निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड भोपाल द्वारा में निम्नानुसार कार्य के लिये ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित परियोजना लागत (जीएसटी को छोड़कर) (रुपये करोड़ में)	धरोहर राशि (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	निर्माण की अवधि
1.	मध्य प्रदेश राज्य में उमरिया शहडोल 2-लेन मय पेव्ड शोल्डर सड़क परियोजना का शेष कार्य	67.67	33.84	50,000/-	06 माह वर्षाकाल सहित

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से **15:30 बजे दिनांक 24.02.2026 तक** क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्य प्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/124040/2026

प्रबंध संचालक

M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh, Ph. No. : 0755-2527290/2765205 (EPBX)
Fax : 0755-2572643, Website : www.mprdc.gov.in
NIT No. 695/MPRDC/Procu/2026

MPRDC

NOTICE INVITING TENDERS

Madhya Pradesh Road Development Corporation Limited (MPRDC) Bhopal invites online tender for the following works.

S. No.	Name of Work	Estimated Project Cost (Excluding GST) (in INR Cr.)	Bid Security (EMD) (in INR Lacs)	Cost of Tender Document (in Rs.)	Period of Construction (In Months)
1.	Balance work of Umaria Shahdol 2-lane with paved shoulder road project in the state of Madhya Pradesh	67.67	33.84	50,000/-	06 Months i/c Rainy Season

The dates for purchase, submission, etc. are mentioned in the key dates. Tender forms can be purchased online only **upto 15:30 hrs. on 24.02.2026** from website **www.mptenders.gov.in.** The bidders have to submit the Technical bid as well as Financial Bid online only. The Addendum/Corrigendum (if any) shall only be published on the website of **www.mptenders.gov.in** only. If holiday is declared by Govt. of M.P. on the date of opening, the same will automatically be shifted to subsequent working days.

MPRDC reserves the right to accept/reject any/all tenders without assigning any reason thereof.

M.P. Madhyam/124040/2026

MANAGING DIRECTOR